निष्पक्ष ट्रांज़िशन (परिवर्तन या बदलाव) कार्यनीति

हम सब मिलकर निष्पक्ष और समावेशी तरीके से जलवायु परिवर्तन से निपट सकते हैं।

→ हरित, कम उत्सर्जन वाले भविष्य के लिए न्यूज़ीलैंड का मार्ग निष्पक्ष और सभी न्यूज़ीलैंडवासियों के लिए समावेशी होगा।

MINISTRY OF BUSINESS, INNOVATION & EMPLOYMENT
HĪKINA WHAKATUTUKI

MINISTRY OF SOCIAL DEVELOPMENT
TE MANATŪ WHAKAHIATO ORA

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

निष्पक्ष परिवर्तन क्यों महत्वपूर्ण है

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड कम उत्सर्जन वाले भविष्य की ओर बढ़ रहा है। इस परिवर्तन का मतलब होगा कि हम कैसे और कहाँ रहते हैं, हम काम के लिए क्या करते हैं और हम कैसे घूमते हैं, इसमें बदलाव। यह परिवर्तन उच्च-वेतन वाली नौकरियों के अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां और व्यवधान भी प्रस्तुत करेगा। दूसरों की तुलना में कुछ लोग और समुदाय अधिक प्रभावित होंगे।

सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए एक निष्पक्ष परिवर्तन कार्यनीति विकसित कर रही है कि कम उत्सर्जन वाले भविष्य में हमारा परिवर्तन निष्पक्ष और समावेशी हो। हम इस यात्रा पर सभी को अपने साथ लाना चाहते हैं और किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना चाहते। इसका मतलब यह सुनिश्चित करना है कि ये अवसर सभी के लिए काम करें और लोगों को इस परिवर्तन के समय के दौरान सहायता प्राप्त हो।

इस परिवर्तन को आकार देने में मदद करें

एक निष्पक्ष और समावेशी परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए हमें आपकी मदद चाहिए। आपके विचार एक समान परिवर्तन कार्यनीति और कम उत्सर्जन वाले भविष्य की तैयारी के लिए हमारे द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को आकार देंगे।

हम जानना चाहते हैं कि आपकी क्या चिंताएं हैं, और परिवर्तन को निष्पक्ष और समावेशी बनाने के लिए आपके क्या विचार हैं।

यदि आप अंग्रेजी या माओरी के अलावा किसी अन्य भाषा में अपने विचार देना चाहते हैं, तो कृपया हमें यहां ईमेल करें EquitableTransitionsStrategy@mbie.govt.nz

निम्नलिखित विकल्प भी हैं:

» **ऑनलाइन सर्वेक्षण (अंग्रेजी और माओरी में):** हमें उन परिवर्तन मुद्दों के बारे में बताएं जो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं।
» **सहयोगात्मक वर्कशॉप्स या कार्यशालाएं (ऑनलाइन और अंग्रेजी में व्यक्तिगत रूप से):** ये कार्यशालाएं 2023 की शुरुआत से देश भर में **उपलब्ध होंगी।**

अपडेट के लिए साइन अप करें और इनके लिए तारीखें उपलब्ध होने पर हम आपको सूचित करेंगे।

→ www.equitabletransition.nz